निस्तारी के लिए भरे जा रहे निगम क्षेत्र के तालाब, जलस्तर भी होगा ऊंचा

भिलाई। नगर निगम प्रशासन गर्मी में गिरते हुए जलस्तर को बढ़ाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास शुरू कर दिया है। क्षेत्रवासियों के निस्तारी के लिए निगम क्षेत्र के तालाबों का भराव किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी निस्तारी तालाबों का भराव कर जलस्तर को बढ़ाने के निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज जोन एक अंतर्गत विभिन्न तालाबो का निरीक्षण कर वहां जल स्तर का जायजा लिया। उन्होंने जोन अधिकारियों व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाबों में जलभराव से पहले नहर की सफाई करवाए व उनके माध्यम से जल्द तालाब का भराव कराए, ताकि वहां निस्तारी की समस्या न आए। खमरिया शीतला तालाब में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वहां के निवासियों से चर्चा की, कुछ व्यक्ति तलाब में नहाने के लिए पहुंचे थे, उनमें से एक ने बताया कि पहले वाटर लेवल शीतला तालाब का बहुत डाउन हो गया था, निस्तारी में समस्या आ रही थी, लेकिन जलभराव के बाद पानी का लेवल फिर से बढ़ गया है और पहले जैसा हो गया है आसानी से निस्तारी हो रही है। उन्होंने इसके लिए महापौर को धन्यवाद भी दिया। तालाब में पानी भरने के लिए नहर से आने वाले रास्ते को भी क्लीयर किया गया है। शहर के कई तालाबों में पानी भरे जा चुके हैं। कुछ तालाबों में पानी भरने की प्रक्रिया जारी है। जोन दो क्षे़त्रांतर्गत गुरू घासीदास नगर के तालाब की सफाई कर पानी भरा जा रहा है। वहीं कुरूद स्थित नकटा व ढौर तालाब की सफाई जारी है, जल्द उसे भी भरा जाएगा। जोन तीन क्षेत्र के श्याम नगर-शारदापारा तालाब व कैनाल रोड नहर की सफाई चल रही है। जल्द ही इसे भी भरा जाएगा। बैकुंठ धाम सूर्यकुंड तालाब भी अन्य माध्यमों से भरा जा रहा है। वहीं जोन 4 अंतर्गत लक्ष्मण नगर सूर्यकुंड तालाब को नहर से भरा जा चुका है। शेष निस्तारी तालाबों को भरने नहर की सफाई कर अवरूद्ध वाली जगहों से झिल्ली, पन्नी व कचरों को हटाया जा रहा है। आयुक्त ने जलभराव के बाद जल शुद्धिकरण के लिए भी व्यवस्था बनाए रखने कहा। उन्होंने तालाबों, डबरी व अन्य जलाशयों को जल्द तांदुला जल संसाधन विभाग द्वारा छोड़े गए पानी से भरने के निर्देश दिए हैं। महापौर नीरज पाल व आयुक्त प्रकाश सर्वे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में जल के एक-एक बूंद को सहेज कर रखें। पानी की बर्बादी न करे। पानी का सदुपयोग करें। आम जनता को पानी को सहेजने के लिए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए प्रेरित करने कहा गया।